कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ -226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (CC)Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002

सं.प्रशा./1025/हि.क /रा.भा.का.स./12/2017

दिनांक : 20 / 11 / 2017

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी

1. सभी अधीनस्थ कार्यालय
2. मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग

विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक ,दिल्ली कार्यालय की दिनांक 17.10.2017 को संपन्न राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में लिए गए निर्णय पर अनुवर्ती कार्रवाई।

....

रक्षा लेखा महानियंत्रक ,दिल्ली कार्यालय की दिनांक 17.10.2017 को संपन्न राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में लिए गए निर्णयानुसार निम्नलिखित कदम उठाए जाने आवश्यक हैं-

1. हिन्दी में किए जा रहे पत्राचार में वृद्धि लायी जाए। सभी प्रभारी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करें कि हिन्दी में अधिकाधिक कार्य निष्पादित हो।
2. अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में , रजिस्टरों व सेवा पुस्तिकाओं के शीर्षक को द्विभाषी एवं प्रविष्टियों को हिन्दी में किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
3. एक बार प्राप्त लक्ष्य में गिरावट न आने दी जाए अपितु लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास एवं उपाय जारी रखे जाएं।

कृपया उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की गई कार्रवाई से हिंदी कक्ष (स्थानीय) को भी सूचित करें।

व. लेखा अधिकारी
(हिंदी)